कार्यालय, निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/माध्य–स/विविध दिवस/2018 दिनांक 16.01.2021

समस्त,
संभागीय आयुक्त
जिला कलक्टर

विषय– कोविड़ 19 में विद्यालय में बंद रहे कक्षा शिक्षण पुनः प्रारंभ होने के संबंध में।
प्रसंग–माननीय मुख्य सचिव राजस्थान सरकार का अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक. 15.01.2021

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संबंध में निर्देशानुसार लेख है कि राज्य में सभी विद्यालयों में कोविड–19 के कारण असंचालित रहा कक्षा शिक्षण दि.18.01.2021 कक्षा 9 से 12 के लिए पुनः अभिभावकों की सहमति से प्रारम्भ हो रहा है।

इस संबंध में माननीय मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा जिलों में कार्यरत समस्त अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सम्बोधित पत्र आपके संभाग/जिले के संभागीय आयुक्त महोदय तथा जिला कलक्टर महोदय के अवलोकनार्थ सलंग्न कर प्रेषित है। कृपया इस संबंध में संभाग/जिले में कार्यरत अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा/राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों हेतु माननीय मुख्य सचिव महोदय के प्रासंगिक पत्रानुसार आवश्यक दिशा निर्देश जारी करावें।

संलग्न– उपर्युक्तानुसार।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com

Niranjan Arya, I.A.S.
निरंजन आर्य, आई.ए.एस.

सत्यमेव जयते

Chief Secretary
मुख्य सचिव
GOVERNMENT OF RAJASTHAN
राजस्थान सरकार

अ0शा0 पत्रांकः:
दिनांक :

विषय–दिनांक 18 जनवरी से विद्यालय में कक्षा शिक्षण पुनः प्रारंभ करने के क्रम में।

राज्य में कोविड–19 के प्रभाव के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में कक्षा–शिक्षण नहीं हो रहा था। गृह विभाग के दिशानिर्देशों के अनुरूप राज्य में दिनांक 18 जनवरी 2021 से कक्षा 9 से 12 के लिए कक्षा शिक्षण हेतु विद्यार्थी अभिभावकों की सहमति से विद्यालय आने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा दी गई है।

एक लम्बे अन्तराल के उपरांत विद्यालय में कक्षा शिक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा विद्यालय संचालन की एसओपी जारी की है। कोविड़–19 से समाज में उत्पन्न चिन्ता दूर करने, राज्य सरकार के प्रयासों से अभिभावकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक विश्वास एवं संबलन पैदा करने हेतु किये जाने वाले अतिरिक्त प्रयासों के तहत राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारीं, विद्यालय पुनः खोले जाने के दिवस दिनांक 18.01.2021 को अपने पदस्थापन स्थान के निकट के उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वयं जाकर विजिट करें। विद्यालय में सुरक्षा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, गृह, वित्त विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा जारी एस.ओ.पी की पालना का अवलोकन करें तथा समाज में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों से समुदाय, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में सकारात्मक विश्वास के संवाहक बने।

अपने विद्यालय की विजिट के दौरान आप विद्यालय में चलाए जा रहे कार्यक्रमों यथा आओ घर में सीखे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे गृह कार्य, उनके पोर्टफोलियो के उपयोग का अवलोकन कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें उनका उत्साहवर्धन करें।

भवन्निष्ठ,

www.rajteachers.com

(निरंजन आर्य)

समस्त प्रशासनिक अधिकारी
भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं
राजस्थान प्रशासनिक सेवा

Room No. 4009, Main Building, Secretariat, Jaipur-302 005 | कक्ष सं. 4009, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर–302 005
Tel. No. 0141-2227254, 2385892 (Office) 0141-2227114 (Fax) 0141-2561324 (Res.) E-mail : csraj@rajasthan.gov.in